**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**09.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लगातार बढ़ रही बादल फटने की घटनाओं के वैज्ञानिक अध्ययन के दिए निर्देश।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर दिया बल।
- भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर झूठी गारंटियां देने और प्रदेश को आर्थिक संकट में डालने का लगाया आरोप।
- राष्ट्रीय लोक अदालतों में राज्य में आपसी सहमति से हुआ 65 हजार से अधिक मामलों का निपटारा।

- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कल घोषित करेगा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश विश्वविद्यालय के आपदा अनुसंधान केंद्र को बादल फटने की घटनाओं के वैज्ञानिक अध्ययन के निर्देश दिए हैं। शिमला में एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश में बादल फटने की घटनाएं लगातार होने से मानव जीवन सहित संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को क्षमता निर्माण सुदृढ़िकरण के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 6 करोड़ रूपए आवंटित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ये भी निर्देश दिए कि आपदा का विस्तृत अध्ययन, खतरा आकलन और तकनीकी मूल्याकंन से जुड़ी सभी राज्यस्तरीय अनुसंधान व विकास गतिविधियां विश्वविद्यालय के इसी केंद्र के माध्यम से संचालित की जाएंगी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली भी इस दौरान मौजूद रहे।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया है ताकि कोई भी विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। वे आज कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ पर बोल रहे थे। उन्होनें कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामाजिक समरसता और समावेशी विकास अत्यंत आवश्यक है।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे सम्मेलन समाज को नई दिशा देने और सामाजिक संवाद को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं और महिलाओं का सशक्तिकरण विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार बना है।

**हवाई सेवा**

दिल्ली से शिमला के लिए हवाई सेवाएं कल 10 मई से दोबारा बहाल होने जा रही है। ये सेवाएं मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन संचालित की जाएंगी। इसके अलावा शिमला से धर्मशाला के लिए भी सोमवार 11 मई से हवाई सेवाओं की शुरूआत होने जा रही है। इस रूट पर मंगलवार और रविवार को छोड़कर सप्ताह में 5 दिन हवाई सेवाएं होंगी। इन सेवाओं के शुरू होने से राज्य में हवाई

सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि इससे राज्य में पर्यटन व व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**<u>पुरस्कार</u>**

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी है। देशभर से चुनी गई 42 पंचायतों को ये पुरस्कार दिए जाएंगे। पंचायती राज मंत्रालय ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह 3 जून को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष यह पुरस्कार दिए जाते हैं। इनका उद्देश्य पंचायतों को स्थानीय शासन, सेवा वितरण में सुधार करने और सामुदायिक नेतृत्व वाली पहलों के माध्यम से सतत विकास की दिशा में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

**<u>भाजपा</u>**

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कहा है कि प्रदेश में विकास पूरी तरह ठप्प है और कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को आर्थिक रूप से दिवालिया करने का काम किया है। मंडी में आज भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने साढ़े 3 वर्ष के कार्यकाल में हर मोर्चे पर विफल रही है। सौदान सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाएं बंद कर आम जनता के साथ धोखा किया है। सम्मेलन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस जिन झूठी गारंटियों के साथ सत्ता में आई थी वही गारंटियां आज जनता के दिलों में पीड़ा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी और पैंशनरों सहित हर वर्ग कांग्रेस सरकार की नीतियों से परेशान है।

**जयराम ठाकुर**

प्रदेश के शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार लगातार जारी है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज सोलन नगर निगम के तहत गंज बाजार में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की साढ़े तीन वर्ष की कार्यप्रणाली निराशाजनक रही है और इन चुनावों में सरकार की नाकामी ही सबसे बड़ा मुद्दा है। ...**<u>बाईट...जयराम ठाकुर 26</u>**

**<u>लोक अदालत</u>**

देश सहित प्रदेश में भी आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का उद्देश्य सहभागी और जनकेंद्रित तरीकों से विवादों का सौहार्दपूर्ण निपटारा करना और अदालतों पर बोझ कम करना है। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर के मार्ग दर्शन में राज्य की सभी अदालतों में लोक अदालत लगाई गई। इन अदालतों में एक सौ 40 बैंचों के समक्ष एक लाख 10 हजार दो 60 मामले लाए गए जिनमें से 65 हजार 7 सौ 93 मामलों का निपटारा किया गया।

**<u>प्रदर्शनी</u>**

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में महासू आर्ट की अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक कला प्रदर्शनी आज शुरू हुई। 14 मई तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कलाकारों ने कैनवास पर रंगों के माध्यम से सामाजिक सरोकार, पहाड़ी संस्कृति और समसामयिक मुद्दों को उकेरा है, जो सराहनीय है। बाद में मीडिया से बातचीत में प्रतिभा सिंह ने शिमला के कमला नेहरू अस्पताल को शिफ्ट करने के अपनी ही सरकार के फैसले पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं और उनकी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए वे इस मुद्दे पर सरकार से बात करेंगी।

**<u>परिणाम</u>**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड दसवीं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम कल 10 मई को घोषित करेगा। बोर्ड के सचिव डॉक्टर विशाल शर्मा ने बताया कि परिणाम सुबह 11 बजे घोषित किया जाएगा और इसे बोर्ड की वेबसाईट पर भी देखा जा सकेगा। इस बार मार्च माह में 93 हजार 5 सौ 64 विद्यार्थियों ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी।

## निरीक्षण

ग्रामीण विकास व पंचायती राज सचिव सी. पालरासु ने पंचायत चुनाव के चलते आज पालमपुर में स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत चुनावों को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश भी जारी किए। उन्होंने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल से जुड़े सभी निर्वाचन नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

## एमएसएमई

छोटे उद्योगों और स्टार्टअपस को नई दिशा देने के लिए इस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकांउंटेंट्स की ओर से शिमला में दो दिवसीय मंथन मीट का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य तकनीक और नीतिगत सुधारों के माध्यम से एम.एस.एम.ई क्षेत्र को मजबूत बनाना है।

इस आयोजन में देशभर से छोटे उद्यमी और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। एम.एस.एम.ई व स्टार्टअप कमेटी के चैयरमेन ज्ञान चंद मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में उद्यमियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई ताकि वे अपने कारोबार को आगे बढ़ा सकें।

## निष्कासन

भाजपा ने नगर निकाय चुनावों में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। पार्टी कार्यालय के अनुसार धर्मशाला नगर निगम में 5 जबकि नाहन नगर परिषद में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे एक उम्मीदवार की प्राथमिक सदस्यता को निलंबित किया गया है।

## वॉर रूम

शिमला स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में 4 नगर निगमों में होने वाले चुनावों के लिए वॉर रूम बनाया गया है। वॉर रूम के प्रभारी हरिकृष्ण हिमराल ने आज अन्य सदस्यों के साथ कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वॉर रूम का मुख्य कार्य फील्ड में पार्टी पदाधिकारियों को चुनाव से संबंधित अपडेट करना, दैनिक आधार पर चुनाव प्रचार से जुड़ी रिपोर्ट लेना और पार्टी की ओर से जारी दिशा–निर्देशों को उन तक पहुंचाना है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लगातार बढ़ रही बादल फटने की घटनाओं के वैज्ञानिक अध्ययन के दिए निर्देश।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर दिया बल।
- भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर झूठी गारंटियां देने और प्रदेश को आर्थिक संकट में डालने का लगाया आरोप।
- राष्ट्रीय लोक अदालतों में राज्य में आपसी सहमति से हुआ 65 हजार से अधिक मामलों का निपटारा।
- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कल घोषित करेगा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम।